वी.यू. का पाँचवां दीक्षांत समारोह दिनाँकः 21 फरवरी 2019 को

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर का पाँचवां दीक्षांत समारोह गुरूवार दिनाँकः 21 फरवरी 2019 को आयोजित हैं।

माननीया राज्यपाल मुख्य अतिथि होंगीः– वि.वि के माननीय कुलपति डॉ0 प्रयाग दत्त जुयाल ने बताया कि माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमति आंनदी बेन पटेल जी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न होगे।

उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या 479ः– वि.वि. के सत्र 2017–18 में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं की संख्या 479 हैं जिसमें बी.व्ही.एस.सी. 350, बी.एफ.एस.सी. (फिशरी) के 36, एम.व्ही.एस.सी. 85 तथा पी.एच.डी. के 08 शामिल हैं।

एम.व्ही.एस.सी. तथा पी.एच.डी. छात्रों को माननीया राज्यपाल के करकमलों से उपाधि प्रमाण पत्र प्राप्त होगे।।

वि.वि.स्वर्ण पदक भी वितरित किये जायेंगेः– उच्चतम अंक प्राप्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र–छात्राओं को माननीय राज्यपाल महोदया के द्वारा स्वर्ण पदकों से विभूषित किया जायेगा।

दीक्षांत उद्‌वोधन डॉ0 त्रिलोचन महापात्रा द्वाराः– इस दीक्षांत समारोह का दीक्षांत भाषण डॉ0 त्रिलोचन महापात्रा डायरेक्टर जनरल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा दिया जायेगा।

ख्याति लब्ध वैज्ञानिक होगें सम्मानितः– देश के पशु चिकित्सा क्षेत्र के ख्याति लब्ध वैज्ञानिक डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष ए.एस.आर.बी नई दिल्ली तथा डॉ. एम.सी. वार्ष्णेय पूर्व माननीय कुलपति आनंद कृषि वि.वि. एवं कामधेनु वि.वि. गांधी नगर को मानद डॉक्टेरेट से विभूषित किया जायेगा।

नये प्रशासनिक भवन में आयोजनः– इस दीक्षांत समारोह का आयोजन प्रथम बार नये प्रशासनिक भवन, आधारताल में होगा। माननीया राज्यपाल महोदया द्वारा स्वीकृत स्वदेशी गणवेश का छात्र–छात्राए, प्राध्यापक एवं मंचासीन अतिथि धारण करेंगें। गणवेश में सफेद कुर्ता, सफेद पजामा, दुपट्टा तथा पगड़ी होगी।

देश एवं विदेश के भूतपूर्व छात्रों को आमंत्रणः– देश एवं विदेश में निवास कर रहे वि.वि. के समस्त भूतपूर्व छात्रों को आमंत्रित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त संस्कारधानी के समस्त गणमान्य व्यक्तियों को निमंत्रण दिया जायेगा।

तीनों वि.वि. के कुलपति शामिल होगेः– जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. पी.के.बिसेन, रानी दुर्गावती वि.वि. के माननीय कुलपति डॉ. कपिल देव मिश्र तथा आर्युविज्ञान वि.वि. के माननीय कुलपति डॉ. आर.एस.शर्मा समारोह की शोभा बढायेंगे।

सूचना जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि,जबलपुर